कमल संदेश
वर्ष 1, अंक 15 नई दिल्ली
10 मई 2020 (सायं 5 बजे)
दैनिक बुलेटिन
www.kamalsandesh.org

# बढ़ रही है प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता

**भारत में कोरोना के खिलाफ लड़ाई कैसे लड़ी जा रही है, क्या देश की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना के खिलाफ उठाए गए कदमों से संतुष्ट है? ये जानने के लिए TIMES NOW ने ORMAX Media के साथ एक सर्वे किया। ये सर्वे 6 मेट्रो सिटीज मुंबई, दिल्ली, बंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता की जनता के बीच किया गया।**

इस सर्वे में इन 6 शहर के लोगों ने कोविड 19 पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के कामों को खूब सराहा है। श्री मोदी को कुल 79 प्रतिशत रेटिंग मिली है। दिल्ली में सबसे ज्यादा 86%, मुंबई में 79%, हैदराबाद में 74%, बंगलुरु में 69%, कोलकाता में 59% और चेन्नई में 51% रेटिंग मिली है। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी की लोकप्रियता में भी इजाफा देखा गया है। अप्रैल 2019 में उनकी लोकप्रियता 71% थी, जो मई 2020 में बढ़कर 79% हो गई।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कोविड-19 के खिलाफ इस लड़ाई से हर व्यक्ति लड़ रहा है: जेपी नड्डा

**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने 09 मई, 2020 को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस मीटिंग में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के जिला पंचायत अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के साथ चर्चा की।**

- उन्होंने कोरोना संकट के खिलाफ सरकार की आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की।
- श्री नड्डा ने कहा कि सभी ने राष्ट्र की सेवा की है और मानवता के लिए योगदान दिया है।
- हमें इसे आगे भी बनाए रखना है। कोरोना महामारी को रोकने के उपायों के बारे में मध्य प्रदेश के जिला पंचायत अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के साथ चर्चा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सभी ने एकजुट होकर दृढ़ता से कोविड-19 के खिलाफ यह लड़ाई लड़ी है और इसे काफी हद तक जीत लिया है।

# कोविड-19 पर अपडेट

सत्यमेव जयते

**Ministry of Health & Family Welfare**
**Government of India**

- 9 मई 2020 तक, देश में कुल 59,662 मामले सामने आए हैं, जिसमें 17,847 व्यक्ति इलाज के बाद ठीक हो गए हैं और 1,981 मौतें हुई हैं।
- पिछले 24 घंटों में 3,320 नए पुष्ट मामले सामने आए हैं और 1307 रोगी ठीक हो गए हैं।
- मृत्यु दर 3.3 प्रतिशत और स्वस्थ होने की दर 29.9 प्रतिशत है।
- आईसीयू में 2.41 प्रतिशत सक्रिय कोविड-19 रोगी हैं, वेंटिलेटर पर 0.38 प्रतिशत और ऑक्सीजन के सहारे 1.88 प्रतिशत लोग हैं।
- देश में जांच क्षमता में वृद्धि हुई है और 332 सरकारी प्रयोगशालाओं और 121 निजी प्रयोगशालाओं की मदद से प्रति दिन 95,000 जांच की जा रही है।
- कोविड-19 के लिए संचयी रूप से, अब तक 15,25,631 परीक्षण किए जा चुके हैं। (9 मई को जारी)

# आपरेशन समुद्र सेतु: मालदीव से 698 भारतीय केरल के कोच्चि पहुंचे

**मालदीव से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी, भारतीय नागरिकों को आईएनएस जलाश्व से कोच्चि लाया गया**

कोरोनावायरस की वैश्विक चुनौती के बीच विभिन्न देशों से भारतीयों को स्वदेश लाने का काम लगातार जारी है। इसी कड़ी में मालदीव की राजधानी माले के कई क्षेत्रों से करीब 698 भारतीयों को लेकर नौसेना का जहाज आईएनएस जलाश्व केरल के कोच्चि पहुंचा। इसके साथ ही अन्य 200 भारतीय नागरिकों को भारतीय नौसेना के आईएनएस मगर द्वारा स्वदेश वापस लाया जा रहा है। इन लोगों की वापसी के दौरान प्रवासी केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग सहित सभी सुरक्षा नियमों का पालन किया जा रहा है।

# भारतीय रेल ने देशभर में 9 मई 2020 तक 283 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनें चलाईं

- देश के विभिन्न स्थानों पर फंसे प्रवासी श्रमिकों, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, छात्रों और अन्य लोगों की आवाजाही के संबंध में गृह मंत्रालय के आदेश के बाद भारतीय रेलवे ने 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया।
- 9 मई 2020 तक (14.30 बजे), देशभर के विभिन्न राज्यों से कुल 283 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों का परिचालन किया गया है, जिसमें 225 ट्रेनें अपने गंतव्य तक पहुंच चुकी हैं और 58 ट्रेनें रास्ते में हैं। 49 श्रमिक स्पेशल ट्रेनें आज चलने के लिए तैयार हैं।
- इन 283 ट्रेनों का सफर विभिन्न राज्यों जैसे अरुणाचल प्रदेश (2 ट्रेनें), बिहार (90 ट्रेनें), हिमाचल प्रदेश (1 ट्रेन), झारखंड (16 ट्रेनें), मध्य प्रदेश (21 ट्रेनें), महाराष्ट्र (3 ट्रेनें), ओडिशा (21 ट्रेनें), राजस्थान (4 ट्रेनें), तेलंगाना (2 ट्रेनें), उत्तर प्रदेश (121 ट्रेनें), पश्चिम बंगाल (2 ट्रेनें) में समाप्त हो गया है।
- इन श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए अधिकतम करीब 1200 यात्री यात्रा कर सकते हैं। ट्रेन में सवार होने से पहले यात्रियों की उचित तरीके से जांच सुनिश्चित की जाती है। यात्रा के दौरान यात्रियों को भोजन और पानी मुफ्त में दिया जाता है।

# भारत ने श्रीलंका को साढ़े 12 टन आवश्यक दवायें और चिकित्सा उपकरणों का उपहार भेजा

**भारत ने मौजूदा वेसक सप्ताह के दौरान विशेष मैत्री की भावना प्रदर्शित करते हुए श्रीलंका को साढ़े 12 टन आवश्यक दवायें और चिकित्सा उपकरणों का उपहार भेजा है। भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से यह खेप 9 मई को कोलम्बो पहुंची। भारत ने श्रीलंका सरकार और वहां की जनता के लिए शुभकामनायें भी भेजी हैं।**

उपहार के रूप में आवश्यक जीवन रक्षक दवायें और चिकित्सा उपकरणों की यह हाल के सप्ताहों में चौथी खेप है। पिछले महीने श्रीलंका को ऐसी तीन खेप भेजी गई थी। यह उपहार कोविड-19 महामारी से मिलकर लड़ने के लिए सार्क देशों के नेताओं के साथ विडियो कांफ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता के अनुरूप भेजे गये।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 481 अरब डॉलर से ज्यादा हुआ

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहली मई को समाप्त हुए सप्ताह में सोलह लाख बाईस हजार डॉलर की वृद्धि के साथ 481 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि विदेशी मुद्रा भंडार पौने दो अरब डॉलर बढ़कर चार सौ 79 दशमलव चार पांच पांच अरब डॉलर हो गया है।

# आरसीएफ ने एनपीके उर्वरक सुफला की बिक्री में 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की

कोविड-19 लॉकडाउन के कारण पैदा हुई लॉजिस्टिक और अन्य गंभीर चुनौतियों के बावजूद, भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अधीन पीएसयू, राष्ट्रीय केमिकल्स फ़र्टिलाइज़र्स लिमिटेड(आरसीएफ) ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एनपीके उर्वरक सुफला की बिक्री में अप्रैल, 2019 के मुकाबले अप्रैल, 2020 में 35.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

कमल संदेश

twitter

@jpnadda

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मुश्किल समय में नागरिकों की सुरक्षा और उनकी सहायता करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कोविड-19 के खिलाफ इस लड़ाई में उनके नेतृत्व की विश्व स्तर पर प्रशंसा हो रही है। राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण में अधिकांश भारतीयों ने संकट से निपटने की उनकी कोशिशों में अपना विश्वास जताया है।

@Thawarchand Gehlot

एक राष्ट्र - एक राशन कार्ड की ओर अग्रसर भारत। लाभार्थी एक ही राशन कार्ड का उपयोग करके देश में कहीं भी किसी भी उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न ले सकेंगे।कुल 20 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश 1 जून से राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी के शुभारंभ के लिए तैयार।

@blsanthosh

RT-PCR (Reverse Transciptase Polymerase Chain Reaction) टेस्ट किट निर्माण नई ऊंचाई छू रहा है...सेरम इंडिया के साथ माई लैब्स अब तक 6.5 लाख किट का उत्पादन करती है, जिसका मई अंत तक का लक्ष्य प्रतिदिन 2 लाख किट का है...मुंबई की मेरिल डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के स्टॉक में 2 लाख किट हैं, दिल्ली के मेडसोर्स ओजोन लिमिटेड की प्रति सप्ताह क्षमता 50 हजार किट की है। भारत अब परीक्षण किट निर्यात करने में सक्षम है...पीपीई, एन 95 मास्क और वेंटिलेटर के बाद एक और सफलता की कहानी... #IndiaFightCorona

कमल संदेश

## आर्थिक योगदान हेतु अपील

खाता का नाम :

PM CARES

खाता संख्या : 2121PM20202

IFSC कोड : SBIN0000691

Swift कोड : SBININBB104

बैंक शाखा : भारतीय स्टेट बैंक नई दिल्ली मुख्य शाखा

**Donate Now**

Aarogya Setu

मैं सुरक्षित | हम सुरक्षित | भारत सुरक्षित

Download

# COVID-19 INDIA

as on : 10 May 2020, 17:00 GMT+5:30

| 41472 | 19357 | 2109 | 1 |
|---|---|---|---|
| Active Cases | Cured / Discharged | Deaths | Migrated |

# संपादकीय

कुछ लोग देश के राजनीतिक विमर्श को रसातल में पहुंचाने में तुले हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीतिक बहस अब इस नीचता तक व्यक्तिगत बन गयी है कि देश के गृह मंत्री की 'मृत्यु' तक की कामना की जा रही है। इससे कांग्रेस-वामपंथियों में छाये घोर निराशा का पता चलता है जो एक के बाद एक राजनीतिक लड़ाई हारने के बाद अब गाली-गलौज की भाषा से अफवाहों का बाजार गरम करना चाहते हैं। भारी निराशा में डूबे एवं भयंकर कुंठा के शिकार ये लोग इस निंदनीय कार्यों में संलिप्त हैं जिसकी चारों ओर कड़ी निंदा हो रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में अफवाह उड़ाने का अति निंदनीय कार्य देश की राजनीति में कांग्रेस-वामपंथियों के लगातार हाशिये पर जाने के सन्दर्भ में देखा जाना चाहिए। इससे यह भी पता चलता है कि ये लोग भारतीय संस्कृति की नीति एवं मूल्यों से कितने दूर हैं जिनमें ऐसे कुकृत्य की न केवल भर्त्सना की जाती है, बल्कि अक्षम्य अपराध भी समझा जाता है।

कांग्रेस-वामपंथियों को जनता द्वारा निरंतर खारिज करने के बाद यह समझ जाना चाहिए था कि राजनीतिक लड़ाइयां जनता के मैदान में लड़ी जाती हैं और भारतीय जनता ने आज तक सांस्कृतिक रूप से जड़विहीन लोगों को बख्शा नहीं है। इस तरह के घटिया कृत्य हारी हुई मानसिकता के प्रमाण हैं।

कांग्रेस-वामपंथियों की अफवाह फ़ैलाने वाली अत्यंत असहिष्णु एवं घृणा से भरी राजनीति की हम कड़ी भर्त्सना करते हैं। साथ ही हम श्री अमित शाह के स्वस्थ एवं लम्बे जीवन की कामना करते हैं तथा ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे लम्बे समय तक देश की सेवा करें।

- shivshaktibakshi@kamalsandesh.org

**कमल संदेश**

**संपादक:** प्रभात झा, **कार्यकारी संपादक:** डॉ. शिव शक्ति बक्सी

**सह संपादक:** संजीव कुमार सिन्हा, राम नयन सिंह

**कला संपादक:** विकास सैनी, भोला राय

**डिजिटल मीडिया:** राजीव कुमार, विपुल शर्मा

**सदस्यता एवं वितरण:** सतीश कुमार

दूरभाष : 011-23381428 ई-मेल : mail.kamalsandesh@gmail.com